खबर संक्षेप



## बांधा मंदिर में मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**स्लीमनाबाद।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को संपूर्ण वैदिक विधि विधान एवं मंदिर की स्थापित परंपरा अनुसार पूर्ण भव्यता के साथ मनाई जावेगी। मंदिर ट्रस्ट एवं सेवा समिति द्वारा प्रेषित आयोजन विवरण के अनुसार जन्म महोत्सव के एक दिवस पूर्व से भगवान के पवित्र नाम की कीर्तन प्रारंभ हो जावेगी। 16 अगस्त को प्रातः काल में भगवान का अभिषेक पूजन होगा तथा मध्य रात्रि 12:00 बजे भगवान के जन्म झांकी के दर्शन होंगे । मंदिर में प्रातः 9:00 बजे से स्थानीय भजन मंडलों द्वारा संकीर्तन भजन होंगे, दोपहर 12:00 से भक्ति भजन गायक संदीप तिवारी के संयोजन में श्री राम भक्ति भजन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत होंगे । सायं 8:00 बजे से रात्रि पर्यंत तक लगातार 21 वर्षों से सेवारत श्री जय मां आसमानी भजन मंडल के प्रसिद्ध भजन गायक सचिन समदरिया तथा उनके सहयोगी साथी कलाकारों द्वारा भजन गंगा प्रवाहित होगी । विशिष्ट झांकियां, बाल खेलों के साथ साधु संत एवं विद्वान जनों का सत्संग भी प्राप्त होगा । समस्त श्रद्धालु धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधार कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की गई है ।

## दिन दहाड़े युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह के पास एक युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला कर लहुलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार रंगनाथ थाना क्षेत्र निवासी युवक हर्ष यादव पर दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की यह सनसनीखेज वारदात ऐसे स्थान पर हुई जो आमतौर पर पुलिस और अस्पताल स्टाफ की निगरानी में रहता है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल हर्ष को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत जबलपुर रेफर कर दिया। घायल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि हमलावर पहले से उसे निशाना बनाने की फिराक में थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## स्कूलों में समिति का गठन न करने पर लगेगा जुर्माना

**कटनी।** उच्चतम न्यायालय के द्वारा सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत आंतरिक परिवाद समिति का गठन करने के निर्देश दिए गये हैं। जिन कार्यालयों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हें इस समिति का गठन करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। अधिनियम की धारा 4 के अनुसार, आंतरिक परिवाद समिति में कुल चार सदस्य होंगे। इसमें एक पीठासीन अधिकारी होगा। यह पद किसी वरिष्ठ महिला कर्मचारी को दिया जाएगा। यदि कार्यालय में कोई वरिष्ठ महिला कर्मचारी उपलब्ध नहीं है, तो अन्य कार्यालयों या प्रशासनिक इकाइयों से किसी महिला को नामित किया जाएगा। जबकि दो सदस्य कर्मचारियों में से नामित किए जाएंगे, जिनमें से एक महिला होनी चाहिए। इन सदस्यों को महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील या लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों से परिचित होना आवश्यक है। वहीं एक सदस्य किसी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) से होगा, जो लैंगिक उत्पीड़न के मुद्दों से परिचित हो। समिति में कम से कम दो महिला सदस्यों का होना अनिवार्य है।

### रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वालों को जीआरपी ने किया गिरफ्तार, चोरी के चार मामलों का हुआ खुलासा

# चार शातिर बदमाश गिरफ्तार, 7.40 लाख के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेलवे प्लेटफार्म व चलित ट्रेनों, आउटरों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में टीम गठित कर चोरो की पतासाजी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गठित टीम द्वारा अलग अलग चोरी के मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका बरामद किया गया है।

फरियादिया श्रीमति जया बहेती पति लक्ष्मीचंद्र बहेती 65 वर्ष निवासी धमतरी छग ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 28/07/25 को रेल यात्रा के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसे पर्स चोरी कर लिया जिसमें नगदी 45000 रूपए, हीरे का मंगलसुत्र, सोने की अंगूठी, सोने की तुलसी माला, एक मोबाईल एवं अन्य कागजात रखे थे। दिनांक-29/07/2025 फरियादिया की रिपोर्ट पर धारा 305(सी) बीएनएस कायम कर दौरान विवेचना में





लिया गया। दिनांक 03/08/2025 को आरोपित विनोद यादव पिता व्दारिका प्रसाद यादव 47 वर्ष निवासी डभौरा पुर्वा थाना डभौरा बिलाग रीवा म.प्र., संजय यादव पिता राजकुमार यादव 33 वर्ष निवासी डभौरा बाजार थाना डभौरा जिला रीवा, नसीमुद्दीन पिता सममदीन 29 वर्ष निवासी महावीर नगर थाना मानिकपुर जिला चित्रकूट उ.प्र., . कल्लू यादव पिता राजकुमार यादव 33 वर्ष निवासी हनुमान मोहल्ला डभौरा बाजार थाना डभौरा जिला रीवा म.प्र. के कब्जे से चोरी गया मशरुका एक हीरे का मंगलसूत्र, एक सोने की चैन तुलसी गुरिया लगी हुयी, एक हीरे की अंगूठी, एक सोने की अंगूठी कुल कीमती 420000 रूपए का जाम किया गया।

इसी तरह फरियादिया साधना मिश्रा पति शैलेन्द्र मिश्रा 59 वर्ष निवासी पटवारी कालोनी जिला नर्मदापुरम ने शिकायत में बताया कि दिनांक 25/02/25 को प्रयागराज छिवकी से इटारसी की यात्रा ट्रेन कुम्भ स्पेशल से कर रही थी। यात्रा दौरान रेलवे स्टेशन मैहर निकलने के बाद लेडीज पर्स चोरी हो गया जिसमें सोने का मंगलसूत्र, एक मोबाईल एवं रूपए रखे थे। रिपोर्ट करने पर धारा 305(सी) बीएनएश पनीबाट का विवेचना दीगन दिनांक-03.08 25 को आरोपी संजय यादव पिता राजकुमार यादव 33 वर्ष निवासी डभौरा बाजार थाना डभौरा दिला रोजा म.प्र के कब्जे से मामले का चोरी गया मशरुका सोने का एक मंगलसूत्र का पैण्डल कीमती 110000/-रु. का जाप्त किया गया।

घटना दिनांक- 09/04/25 को फरियादिया गीता देवी पति धर्मेश किकर मिश्रा 58 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट बालसमुन्द पुराना एबी रोड तहसील राजपुर जिला बड़वानी का रीवा अम्बेडकर नगर एक्स में यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन मुड़वारा कटनी आउटर पर एक मंगलसूत्र सोने का चोरी होने की रिपोर्ट करने पर धारा 304(2) बीएनएस पंजीबध्द किया गया। विवेचना दौरान दिनांक-03/08/25 को आरोपी विनोद यादव पिता न्दारिका प्रसाद यादव 47 वर्ष निवासी डभौरा पुर्वा थाना डभौरा जिला रीवा म.प्र. के कब्जे से मामले का मशरुका एक मंगलसूत्र सोने का कीमती-110000/-रु. का जप्त किया गया।

घटना दिनांक 31/01/25 को फरियादी दीपक खन्ना पिता अमरनाथ खन्ना 46 वर्ष निवासी 21/4-20 सेडयूल-बो राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली का ट्रेन नं 11450 जबलपुर-जम्बूतवी एक्सप्रेस में एक सोने की चैन, नगदो 8000 रूपए, आई डी कार्ड रेलवे स्टेशन कटनी मुडवारा में चोरी होने की रिपोर्ट करने पर अप 118/25 धारा 305(सी) बीएनएश कायम कर विवेचना दौरान दिनांक-04/08/25 को आरोपी कल्लू यादव पिता राजकुमा यादव 33 वर्ष निवासी हनुमान मोहल्ला डभौरा बाजार थाना डभौरा जिला रीवा के कब्जे से मामले का मशरुका एक सोने की चैन कीमती- 100000/-रु. का किया गया।

आरोपीगणों के कब्जे से कुल कीमती-740000/-रु. (सात लाख चालिस हजार रुपये। का जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

कार्यवाही में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उप. निरी. अनिल मरावी, सउनि एस.पी. मिश्रा, सउनि संजय माझी, सउ शेख जुम्मन, प्र. आर. शिवेन्द्र सिंह.प्र. आर. राघवेन्द्र शर्मा, आर. सुनील परस्ते, आर.अभिषेक सिंह, आर प्रवीण तिवारी, आर. दिनेश पटेल एवं आरपीएफ स्टाफ मैहर-निरी. एस. पी. सिंह, सउनि अरविन्द, आर. भापूराम की अ भमिका रही।

# धरे गए बदमाश, चोरी के चांदी के जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ताला तोड़कर जेवरात चोरी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान बाकल थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, सउनि बीएम चौधरी प्रआर अवधेश मिश्रा प्रआर शिवसिंह आर. राजभान पटेल ने चौकी सलैया तरफ से आती हुई बिना नंबर प्लेट को रोककर कार को चैक किया। कार की पीछे की सीट पर कटर, पेशकस, प्लास मिलने पर संदेही अजय यादव पिता राजाराम यादव 36 साल, रिंकु यादव पिता राजकुमार यादव 18 साल दोनो निवासी ग्राम खिरहनी से पूछताछ पर बताये कि अपने साथी सौरभ वैष्णव (बैरागी), गुलशन वैष्णव (बैरागी) नि. घाट सिमरिया सिहोरा को साथ लेकर बिलहरी-तिलगवां



के रास्ते से देवगांव होकर रीठी-मोहास के आगे के ग्राम बड़गांव थाना रीठी एसबीआई बडगांव के सामने सूने पड़े मकान के ताला की कुंडी को तोडकर अपने साथी सौरभ वैष्णव (बैरागी), गुलशन वैष्णव (बैरागी) के साथ रात्रि में घर के अन्दर घुसकर रखी आलमारी से चांदी के जेवरात चोरी कर ले आये थे। जो आरोपी बाकल के रास्ते से अपने घर जा रहे थे। पुलिस को रोड़ में खड़ा देखकर अन्य आरोपी सौरभ वैष्णव, गुलशन वैष्णव खेतो के रास्ते भाग गये थे। चोरी किया हुआ चांदी का जेवरात एवं कटर वगैरह कार की पीछे की सीट में नीचे छुपाकर रखे थे। पूछताछ के दौरान आरोपी अजय यादव व्दारा थाना बाकल क्षेत्र में 19/03 को दिन में ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किये है। आरोपी अजय यादव के हिस्से में आये चांदी के जेवर को थाना बाकल पुलिस द्वारा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना रीठी में अपराध क्र. 300/25 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस पंजीबध्द कर दूसरे आरोपी रिंकू यादव को थाना रीठी को माल-मशरूका और औजार सहित सौंप दिया गया हैं। मामले में अन्य आरोपी सौरभ वैष्णव, गुलशन वैष्णव, व मोहित गॉड की तलाश पता साजी की जा रही हैं।

बदमाशों से एक चांदी का बड़ा हाफ करधन, एक चांदी का छोटा हाफ करधन, एक जोड़ी चांदी की पुरानी पायल दो जोड़ी चांदी की छैल चूड़ी . दो जोड़ी चांदी की पुरानी अंगुठी . दो चांदी के बच्चो वाले चूड़ा एक जोड़ी चांदी बच्चो की पायल एक बच्चो का करधन एर्क हाय चंद्रमा तीन लॉकेट वाला एक लोहे का बड़ा कटर . दो नंबर प्लेट mp 20 zp 6427 लिखा हुआ एवं एक बिना नंबर की स्वीफ्ट कार जप्त किया गया।

## भरभरा आश्रम पहुंच कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



माँ नर्मदा कावड़ यात्रा समिति उमरियापान के कावड़ियों ने संत बनवारीदास महाराज के सानिध्य में सोमवार को कावड़ यात्रा निकाली । कावड़ यात्रा हरदी नर्मदा नहर तट से शुरू हुई जो उमरियापान-टोला सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए भरभरा आश्रम पहुँची । कावड़ में नर्मदा नहर का जल भरकर कवड़ियाँ पैदल 8 किलोमीटर चलकर भरभरा आश्रम पहुँचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया ।डीजे साउंड की धुन के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई ।कावड़ यात्रा पर भगवान शंकर पार्वती के अलावा भोलेनाथ उनके संगी साथी और शेर की जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र रही ।यात्रा में बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे लगते रहे ।भरभरा आश्रम में सभी कावड़ियों को प्रसाद का वितरण किया गया । यात्रा में युवा कावड़ियों के साथ महिलाएं और युवतियां भी शामिल रही । इस दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं ने कावड़ यात्रा का स्वागत किया है ।

# रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी चहल पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सावन के अंतिम दिनों के साथ ही राखी का पर्व नजदीक आने से बाजारों में रौनक लौट आई है। स्लीमनाबाद के मुख्य बाजार, मुख्य तिराहा सहित बहोरीबंद मार्ग में दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। बहन-भाई के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस बार नए ट्रेंड की राखियों और उपहारों के साथ मनाने की तैयारी है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व हैं। इस बार बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां जैसे छोटा भीम, मोटू. पतलू, डोरेमॉन और स्पाइडरमैन खूब बिक रही हैं। वहीं युवाओं और वयस्कों के लिए मोती, जरी, मेटल चार्म, सिल्वर और स्टोनवर्क वाली राखियां खास पसंद की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए सीड राखियां भी बाजार में



उपलब्ध हैं, जिन्हें बाद में मिट्टी में बोकर पौधे उगाए जा सकते हैं। साथ ही, ल्यूमिनस और एलईडी राखियां रात के समय चमकने के कारण बच्चों में खासा लोकप्रिय हो रही हैं।

राखी के साथ देने के लिए रंग-बिरंगे डिजाइनर रूमाल, चॉकलेट बॉक्स, मिठाइयों के मिनी पैक और ड्राईफ्रूट के गिफ्ट पैकेट्स की बिक्री में भी उठाव दिखने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार राखी.रूमाल के कॉम्बो गिफ्ट सेट की डिमांड काफ़ी बढ़ी है। राखी के साथ.साथ स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी जैसे त्यौहार भी नजदीक हैं, जिससे कपड़ा बाजार में ग्राहकों की हलचल बढ़ गई है। महिलाएं साड़ी, सूट, कुर्ती और बच्चों के लिए नए कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं। दुकानदार त्यौहारी ऑफर में छूट भी दे रहे हैं। बच्चों के पारंपरिक परिधानों धोती,कुर्ता, लहंगा,चोली और जन्माष्टमी के लिए कृष्णा कॉस्ट्यूम की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

### एसपी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस ने की काम्बिग गश्त

# काम्बिंग गश्त में नशे में वाहन चलाने एवं अवैध शराब बेचने वालों पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में पुलिस ने विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। गश्त विशेष रूप से संवेदनशील और आपराधिक गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रित रही जिसमें थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। अभियान के दौरान निगरानी बदमाशों व डोजियर आरोपियों की जांच की गई। झुग्गी-झोपड़ी, डेरा, किराए के मकान, होटल-ढाबों की तलाशी ली गई। अवैध गतिविधियों (जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध शराब) पर निगरानी रखी गई। संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच एवं रात में खुले प्रतिष्ठानों की चेकिंग की गई।

कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 20 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए साथ ही विभिन्न



न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 109 वारंटी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा अपराधियों के घर जाकर कुल 50 गुंडा चेक किए गए। कटनी पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 49 निगरानी बदमाश चेक किए गए एवं अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 18 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 69 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 07 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। कांबिंग गस्त के दौरान एक प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 117 प्रकरणों 123 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 16 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। गश्त के दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

### सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में हुए धार्मिक आयोजन

# सिंहवाहिनी मंदिर में किया गया पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सावन मास के चौथे सोमवार को शिवालयों व शिवमंदिरों में भक्त पहुँचे। भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। भक्तो के द्वारा हाथों में जल का लोटा व पूजन की थाली लिए शिवालयों मे पहुँचे। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अल सुबह से भक्त गण शिवालयों मैं पहुँचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को नैवेद्य आदि अर्पित किए व जलाभिषेक किया।

सावन मास के चौथे सोमवार को स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया।जहां बड़ी संख्या मे





सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों व महिलाओं ने पंडित दिलीप पौराणिक के पावन सानिध्य में सभी यजमानों एवं भक्तों के साथ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया एवं चंदन ,रोली,अक्षत, बिल्वपत्र आदि से भगवान का दिव्य श्रृंगार किया गया। सभी भक्तों के साथ उनके सुख-समृद्ध, स्वस्थ, एवं खुशहाल जीवन के लिए पुष्पों, बिल्वपत्रों एवं फलों के द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक किया गया।

इस दौरान मंत्रोच्चारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। समूचा वातावरण भगवान भोलेनाथ की भक्ति मैं रम गया। कलाकारों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की भक्ति पर आधरित शिवमय गीतों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया।

पंडित दिलीप पौराणिक ने महिलाओं को पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महत्व बतलाता।कहा कि पार्थिव शिवलिंग यानि मिट्टी का शिवलिंग बनाने के लिए बेल के पेड़,नदी या तालाब की मिट्टी का उपयोग करें साथ ही गाय का गोबर,गुड़,मक्खन ओर भस्म मिलाकर शिवलिंग बनाये जाते है।शिवलिंग की पूजा सबसे उत्तम मानी जाती है।इससे आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है । अभिषेक पूजन उपरांत देर शाम शिवलिंग को कोपर पर रखकर सिर पर धारण करते हुए महिलाओं का सैलाब नदी की ओर चला।जहां ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी।देर शाम शिवलिंगो को नदी में विसर्जित किया गया।इसके अलावा प्रसिद्ध रुपनाथ धाम,जिलहरी धाम,शिव मंदिर व तपस कुंड धाम मैं सुबह से दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा।

# लंबे समय से फरार आरोपित को दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी विनय वीरवानी को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से हिरासत में लिया है। आरोपित के खिलाफ करीब पांच महीने पहले लुकआउट नोटिस जारी किया गया था, जिसे देश के सभी एयरपोर्टों पर भेजा गया था। इसी नोटिस के आधार पर एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने विनय वीरवानी को हिरासत में लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना कटनी की पुलिस टीम सोमवार को दिल्ली रवाना हो गई है, जो दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसी से आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लेकर कटनी लाएगी।

30 जनवरी की रात को कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी गुरूनानक वार्ड स्थित डॉक्टर पाल गली में माधवनगर मेनबाजार निवासी राकेश उर्फ रॉकी मोटवानी (28) पर विनय वीरवानी, राहुल बिहारी, करन बिहारी, केतु उर्फ नीरज रजक और अन्य साथियों ने मिलकर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में राकेश को गंभीर चोटें आई थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग करने वालों के लिए 10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा भी की थी और सूचनादाता का नाम गोपनीय रखने की बात कही थी।

पुलिस टीम की कार्यवाही में इस मामले में आरोपी राहुल बिहारी, अरमान द्विवेदी, केतू उर्फ नीरज रजक और शहबाज खान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी विनय वीरवानी लगातार फरार था।

## खबर संक्षेप



### वार्डो में कीटनाशक दवा का किया गया छिड़काव

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारी मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है ताकि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम सीमांतर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 19 की विभिन्न क्षेत्रों में सघन कीटनाशक अभियान चलाते हुए दवा का छिड़काव कराया गया। नागरिकों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मौसमी बीमारियों मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु नगर निगम द्वारा आगे भी निरंतर वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नियमित रूप से कराया जाएगा ताकि आमजनों को मौसमी बीमारियों के प्रकोप से बचाया जा सके।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर दिए निर्देश

**कटनी।** टीएल बैठक में कलेक्टर दिलीप यादव ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासन के निर्देशानुसार जिले में प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम एवं चर्चाएं इत्यादि कराये जाने के निर्देश दिए। इस अभियान के प्रथम चरण में, तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश वयवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन इत्यादि प्रमुख घटक होंगे।

### नर्मदा जल से भगवान शंकर का किया जलाभिषेक



**सिलौंडी।** सावन माह के अंतिम सोमवार को गवरी घाट से पैदल नर्मदा जल लेकर आए 35 कावड़ियों ने भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक किया। सभी 35 युवाओं का दल दोपहर 12 बजे सिलौंडी बस स्टैंड पहुंचा ।ग्राम के लोगों ने पुष्प वर्षा और तिलक वंदन कर उनका भव्य स्वागत किया। पूरे गांव के भ्रमण कर भगवान शिव शंकर को जलाभिषेक किया। गांव के लोगों ने अपने अपने घरों से निकलकर सभी के स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था कराई है। छोटी मढिया में भगवान शिव शंकर के पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण भी हुआ। 35 युवा में कुछ बच्चे 12 साल 13 साल के भी शामिल थे उनकी भक्ति देकर ग्रामवासी भाव विभुर हो गए।

---

**समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने शिकायतों पर समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले अधिकारियों को थमाया नोटिस**

# अधिकारियों को सख्त हिदायत, पूरी तैयारी से बैठक में आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, मूँग उपार्जन, खाद की उपलब्धता, स्कूलों में साइकिल वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रही।

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुये इस कार्य में और अधिक तेजी लाने और डुप्लीकेट समग्र आईडी को डिलीट करने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों को नोटिस

कलेक्टर श्री यादव ने मुख्यमंत्री निवास एवं मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों पर प्रतिवेदन न देने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुये कहा कि जिन शिकायतों पर अभी तक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किये गए हैं, सभी अधिकारी उन शिकायतों पर एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही प्रतिवेदन पर परीक्षण के बाद अभिमत भी दें। इसी प्रकार संभागायुक्त जबलपुर वीसी के दौरान उठे बिंदुओं पर पूरी तैयारी व अद्यतन जानकारी के साथ न आने पर कलेक्टर श्री यादव ने सांची के प्रबंधक बीके मौर्या को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुये सभी विभागों को हिदायत दी कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में शामिल हो इसके अलावा बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों के संबंध में समुचित कार्यवाही नहीं करने और अद्यतन जानकारी के साथ नहीं आने पर नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता के प्रति गहन नाराजगी व्यक्त करते हुये आगे से पूरी तैयारी के साथ ही बैठक में शामिल होने की हिदायत दी।

### हाई-रिस्क गर्भवती माताओं की करें निगरानी

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने महिला एवं बाल-विकास और स्वास्थ्य विभाग को हाई-रिस्क गर्भवती माताओं की लगातार निगरानी, सभी एएनसी जांच कराने और फॉलो-अप करने निर्देशित



किया। साथ ही संभावित डिलीवरी तिथि के पूर्व कॉल सेंटर के माध्यम से कॉल करने के निर्देश भी दिए ताकि समय आने पर संस्थागत सुरक्षित डिलीवरी हो सके। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी पूरे माह खुलना सुनिश्चित किया जाय तथा इन आंगनबाड़ियों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने भी निर्देशित किया।

### विभाग प्रमुखों को फटकारा

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायतों को अटेंड न करने वाले विभागों पर नाराजगी जाहिर करते हुये शिकायतों को अटेंड कर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी 'डी' ग्रेड वाले विभागों को शिकायतों का तेजी से निराकरण कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान लंबित पड़ी शिकायतों के निराकरण के निर्देश देते हुये खासतौर पर राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित पड़ी 18 शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण संभव नहीं है, उन्हें नियमों के अनुसार 'फोर्स क्लोज' किया जाए।

बैठक के दौरान स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों और साइकिल वितरण की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री यादव ने साइकिल वितरण की गति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि साइकिल वितरण का कार्य शीघ्र पूरा करें। वहीं उन्होंने छात्रावासों में नामांकन प्रवेश शत-प्रतिशत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर रिक्त सीटों पर आस-पास के स्कूलों के छात्रों को प्रवेश दिलायें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि छात्रावासों कि इंफ्रास्ट्रक्चर सही हो और बिजली, पानी जैसी बुनियादी मूलभूत समस्यायें न हो।

### मूँग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा

बैठक में मूँग एवं उड़द के उपार्जन एवं भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन समितियों में खाद की उपलब्धता आवश्यकता से अधिक है वहां से अतिरिक्त खाद को उन समितियों में शिफ्ट करायें, जहाँ इसकी कमी है।

इसी प्रकार द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की विसिबिलिटी हेतु प्रयास किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक एवं तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान आदि का आयोजन किया जाएगा।

तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालय तथा वाहनों पर तिरंगा लगाना, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जाना, हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. आर के सोनी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

*रूद्राभिषेक के साथ भजन कीर्तन एवं भंडारे का हुआ आयोजन*

# सावन के आखिरी सोमवार को विजय नाथ धाम में भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

विजयनाथ धाम बरही में श्रावण मास के चौथे सोमवार को विजयनाथ धाम शिव मंदिर में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सुबह 4 बजे से भक्तों की कतार लगी थी। देवों के देव महादेव स्वयंभू की अलौकिक प्रतिमा भू-गर्भ से प्रकट हुई थी। लोगों का मानना है कि साक्षात भोलेनाथ शिव लिंग में विराजमान हैं। प्राचीन काल से यह प्रतिमा स्थापित है शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक फ़ूल बेलपत्र रुद्राभिषेक हवन पूजन कर भक्त भोलेनाथ से अपने व परिवार की खुशहाली की कामना मांगते हैं। भोलेनाथ की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में भजन कीर्तन की प्रस्तुतिया चलती हुई। मंदिर में



समाजसेवी नीरज अग्रवाल दीपक अग्रवाल परिवार द्वारा भंडारे प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें पंगत में बैठाकर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया।

दूसरी जगह मंदिर के नीचे प्रांगण में सार्वजनिक भंडारे का आयोजन शिवभक्तों के द्वारा किया गया था पंगत में बैठाकर प्रसाद खिलाया जा रहा था। तीसरे स्थान मंगल भवन मेला प्रांगण में कांवड़ यात्रियों के लिए भंडारे व भोजन के लिए आयोजन क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक द्वारा कराया गया। मित्र मंडली व कार्यकर्ताओं एक जुट होकर प्रसाद वितरण व भोजन व्यवस्था में जुटे रहे।

कांवड़ यात्रियों द्वारा कोनिया धाम काली मंदिर से जल लेकर 10किलोमीटर की दूरी पैदल चलते हुए शिवभक्तों द्वारा भोलेनाथ की झांकी के साथ बोल-बम हर हर महादेव के गुंजन करते हुए भक्ति में लीन होकर चल रहें थे तेमुआ ओबरा टोल नाके में स्वागत कांवड़ यात्रियों का स्वागत हुआ। 5बजे शाम बरही नगर कांवड़ यात्रा पहुंची जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा विजयनाथ धाम शिव मंदिर पहुंची। कांवड़ यात्रियों द्वारा शिव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक करने के बाद भोजन प्रसाद ग्रहण किया बोल-बम समिति द्वारा हर वर्ष कांवड़ यात्रा निकाली जाती है विजयनाथ धाम समिति द्वारा सहभागी बनकर व्यवस्था की जाती है पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद थी।

---

## कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया।

---

# नए पुल निर्माण के लिए 11.25 करोड़ का प्राक्कलन प्रस्ताव भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम सगवां और लालपुर के बीच दतला नाला पर नया पुल निर्माण कराने 11 करोड़ 25 लाख रूपये का प्रथम स्तरीय प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार कर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र भोपाल को प्रेषित किया गया है। दतला नदी पर बना पुल बीते वर्षों में बारिश के तेज बहाव से बहकर क्षतिग्रस्त हो गया था।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों की सुगम आवाजाही में परेशानी और समस्याओं को देखते हुये लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह को गोपालपुर-सगमा-सिलौंडी मार्ग के किलोमीटर 1/8 पर दतला नाला पर क्षतिग्रस्त हुये पुल के स्थान पर नये पुल के निर्माण हेतु प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये थे।

### प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर 11 करोड़ 25 लाख रूपये का प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें नया बनने वाला पुल 150 मीटर लंबा और दतला नाला के तल से पुल की ऊंचाई 7 मीटर होगी। साथ ही 300 मीटर लंबा पहुंच मार्ग भी बनाया जाएगा। इसमें से 150 मीटर लंबे पुल निर्माण के लिये 9 करोड़ रूपये, 300 मीटर पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 75 लाख रूपये और भू-अर्जन के लिए 1 करोड़ रूपये सहित यूटिलिटी एवं शिफ्टिंग कार्य के लिए 50 लाख रूपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस पुल के निर्मित हो जाने से आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों का बारहमासी सहज आवागमन हो सकेगा।

---

*पिंडरई पंचायत का मामला, ग्रामीणों की शिकायत पर जिम्मेदारों ने साधा मौन*

# सालों से सड़क के ऊपर जमा गंदगी से फैल रही बीमारियां, धंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिंडरई के हाल-बेहाल हैं लोगों को निकलना दुश्वार हो गया है गांव में जगह-जगह गंदगी अंबार लगा हुआ है लेकिन सरपंच सचिव का जरा सा भी ध्यान ऐसी लागी गंदगी पर नहीं जा रहा है लगातार शिकायत होने पर भी उच्च अधिकारी भी टाला में टोल का खेल खेल रहे हैं इस गंदगी के कारण कई प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न हो रही ग्रामीणों का कहना है की आज तीन से चार साल होने लगे लेकिन नालियों की सफाई एवं इस लगी गंदगी का अंबार को हटाया नहीं गया और बिल लगाकर पैसा निकल आहरित किया जा रहा है।



ग्राम पंचायत पंडरई के वार्ड क्रमांक 7 से 8 में लोगों को लगातार 3 वर्ष से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें सीसी रोड के ऊपर जमा 3 फीट मालवा जो की 3 वर्ष से जमा हुआ 10 से 12 बार लोगों ने कुछ अधिकारियों को इसकी सूचना विधि आपदा प्रबंधन को भी इसकी सूचना दी साथ ही पंचायत से संबंधित उच्च अधिकारियों को भी इसकी जानकारी प्रदान की गई लेकिन उच्च अधिकारियों भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों की फजीहत हो रही है। बच्चों को स्कूल जाने में भी इसी सड़क से गुजरना होता है जिसके कारण उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता थोड़ी सी बारिश होने के बाद सड़क का आवागमन बंद हो जाता है जिसके कारण ग्रामीणों को भी बहुत सामना करना पड़ता है सालों से जमे हुए इस मलबे के कारण ग्रामीण परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसी बीच उल्टी और दस्त की बीमारियां भी प्रारंभ हो गई। दो दिन दिन पहले इसी मोहल्ले से दो लोग उल्टी दस्त से ग्रसित हो गए जिसका कारण गंदगी का अंबार है।ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो दो लोग उल्टी दस्त से ग्रसित हुई अगर यह गंदगी साफ नहीं की गई तो कई लोग बीमारियों का शिकार होते रहेंगे।

ग्रामीण सुखलाल चक्रवर्ती बजरंगी भूमिया सत्येंद्र कोल बेड़ी लाल बांके खज्जू भूमियां कुलदीप उपाध्याय अन्नू भूमिया रही चक्रवर्ती संतलाल चक्रवर्ती खज्जु भूमियाँ आदि लोग उपस्थित रहे।

---

### जिले में अब तक 726.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 4 अगस्त तक कुल 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 688.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 743.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 973 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 632 मिलीमीटर, बरही तहसील में 574 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 679.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 677.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 844.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 683.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

---

**सड़क निर्माण से नागरिकों को मिलेगी सुगम आवागमन की व्यवस्था**

# महापौर ने 81 लाख से होने वाले विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर विकास को गति देते हुए निगम सीमांतर्गत वीर सावरकर वार्ड के नागरिकों को सुगम आवागमन की व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, स्थानीय पार्षद राजेश भास्कर एवं अन्य पार्षद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगभग 81 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड नागरिक कुमारी मुस्कान सोनी से संपन्न कराया गया।

### यहां होंगे विकास कार्य

वीर सावरकर वार्ड के नीलकंठ विहार कालोनी आधारकाप में लगभग 81 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य होंगे जिनमे नीलकंठ विहार कालोनी आधारकाप में लगभग 5 लाख 92 हजार रुपए से



सीसी सड़क का निर्माण होगा,वहीं लगभग 6 लाख 94 हजार रुपए की लागत से भगवान शंकर मंदिर मार्ग का सीमेंटीकरण कार्य होगा। मंदिर के आसपास के मार्गों पर लगभग 29 लाख 12 हजार रुपये की लागत से डामल सड़क निर्माण कार्य एवं 39 लाख 16 हजार रुपये की लागत से संतोषी माता मंदिर से राजेश दुबे जी के निवास तक के मार्ग पर डामल सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा जिससे नागरिकों को अब और अधिक बेहतर सुलभ आवागमन उपलब्ध हो सकेगा।

### गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि विकास कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो तथा इसका लाभ सभी को लंबी अवधि तक प्राप्त हो इस हेतु निर्माण कार्य के दौरान इंजीनियर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें।इसके साथ ही क्षेत्रीय नागरिक भी निर्माण कार्य में नज़र बनाये रखें किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर नगर निगम को अवश्य सूचित करें।

### नवनिर्मित रोड का किया औचक निरीक्षण

भूमिपूजन उपरांत महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद के साथ जगमोहन दास वार्ड स्थित गिरिजा घाट में 25 लाख की लागत से नवनिर्मित रोड का जायजा लिया। विदित हो जगमोहन दास वार्ड के नागरिकों के आवागमन को आसान बनाने हेतु हाल ही में मिट्ठू निषाद के घर से गिरिजा घाट तक लगभग 25 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है ।

### भोलेनाथ का लिया आशीर्वाद

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निरीक्षण के दौरान गिरिजाघाट में स्थित शिव मंदिर भंडारे में सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लेते हुए नगर की सुख शांति की कामना की तत्पश्चात श्रद्धालुओं के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी,जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता,पार्षद,सोनू सचिन बहरे,शकुंतला सोनी,सीमा श्रीवास्तव,वंदना राजकिशोर यादव ,सुनीता कमलेश चौधरी ,अवकाश जायसवाल,पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, समाजसेवी अजय सरावगी, उपयंत्री अश्वनी पांडेय क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक अरुण चक्रवर्ती,संजय गुरु,श्याम निषाद, राज विश्वकर्मा,पूजा कार्तिकेय, शांति बाई रजक,मीरा बाई पांडेय,राजेश कुमार दुबे सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

---

# आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजीहाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। शहर के मिशन चौक ,माधव नगर,न्यायालय रोड,पीर बाबा सहित विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य मार्गों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर 25 नग आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कराया गया है। अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों में घूमने वाले आवारा मवेशी को पकड़ने का



कार्य कर काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे कांजी हाउस में छोड़ने का कार्य कर रही है।मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़कर अभियान में सहयोग प्रदान करें।

---

**नाम सुधार**

मैं अनिल कुमार जैसवानी आयु लगभग 47 वर्ष पिता श्री चंदीराम जैसवानी निवासी कैरिन लाइन आचार्य कृपलानी वार्ड माधवनगर कटनी तहसील व जिला कटनी म0प्र0 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। यह कि मुझ शपथकर्ता के नाम पर पासपोर्ट बना हुआ है जिसका पासपोर्ट नंबर M3445427 है जिसमें मेरा नाम **ANIL KUMAR S/O CHANDI-RAM** है। यह कि मुझ शपथकर्ता की दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम **ANIL KUMAR S/O CHANDIRAM** अंकित है। यह कि मुझ शपथकर्ता के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा माधवनगर कटनी एवं आधार कार्ड में मेरा नाम **ANIL KUMAR JAISWANI S/O CHANDIRAM JAISWANI** अंकित है। यह कि उक्त दोनो नाम मुझ शपथ कर्ता के ही हैं।

यह कि मुझ शपथकर्ता को आज दिनांक से मेरे सही नाम **ANIL KUMAR JAISWANI S/O CHANDIRAM JAISWANI** के नाम से जाना, समझा, पढ़ा एवं शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम **ANIL KUMAR S/O CHANDIRAM** के स्थान पर **ANIL KUMAR JAISWANI S/O CHANDIRAM JAISWANI** अंकित किया जावे।

त्रुटिपूर्ण नाम -: **ANIL KUMAR S/O CHANDIRAM**

सही नाम - **ANIL KUMAR JAISWANI**

## खबर संक्षेप

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये योगेंद्र कुशवाहा

**दमोह।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहद खान ने दमोह के योगेंद कुशवाहा को युवजन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। योगेंद्र कुशवाहा युवजन सभा मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और पार्टी नेताओं में अच्छी पकड़ रखते हैं। कल बांदकपुर दमोह सुबह 11:00 बजे आगमन हो रहा है कुशवाहा समाज में बहुत खुशी है स्वागत की तैयारी जोर से चल रही हैं। योगेंद्र कुशवाहा सामाजिक संगठन सम्राट अशोक क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं।

### लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में रोपे पौधे

**पन्ना।** जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निरंतर पौधरोपण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में कलेक्टेट स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। साथ ही वायुदूत अंकुर एप पर फोटो अपलोड की गई।

# आखिरी सावन सोमवार को भक्तों ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन व अभिषेक





हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

सावन माह के आखिरी सोमवार को नगर सहित आसपास के शिवालयों में शिवभक्तों का तांता लगा रहा भक्त सुबह पांच बजे से ही मंदिरों में पहुंचे और शिवार्चन कर सुख समृद्धि की भोलेनाथ से कामना की वहीं तेन्दूखेड़ा नगर के पंचवटी मंदिर थाना परिसर में स्थित शिवमंदिर सहित नगर के छोटे बड़े सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लग रहा और लोगों ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया वही तेंदूखेड़ा नगर में शिवभक्तों द्वारा घरों में शिवलिंग बनाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चन की और दूध दही से अभिषेक किया गया आपको बता दें कि सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति का महीना कहलाता है इस माह में भोलेनाथ के भक्त पूरे श्रद्धाभाव के साथ महादेव का पूजन करते है भगवान शिव की पूजा के लिए जिस सावन माह को सबसे ज्यादा शुभ उत्तम माना जाता है उसमें पार्थिव पूजा करने से महादेव अपने भक्तों के तमाम मनोरथ सिद्ध करते हैं सनातन परंपरा में अलग अलग प्रकार के शिवलिंग की पूजा के फल बताए गए हैं लेकिन सभी प्रकार के शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा का बहुत ज्यादा महत्व है यही वजह है पार्थिव शिवलिंग की पूजा की जाती है नगर में सभी घरों और स्थानों में शिवभक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक किया जहां पंडित देवकरण तिवारी द्वारा अभिषेक व पूजा अर्चना कराई गई जहां शाम को तेंदूखेड़ा नगर की बड़ी खेरमाई में स्थित गुरैया नदी में पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया।

नगर के पंचवटी सिद्ध धाम एवं सभी शिवालयों में एवं घरों में सावन के चैथे एवं आखिरी सोमवार को भगवान भोलेनाथ की रुद्री बनाकर रुद्राभिषेक पंचवटी सिद्ध धाम में शाम के समय भगवान भोलेनाथ की महा आरती उतारी गई महा आरती में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा संगीतमय महा आरती की गई इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।। साथ ही सावन के हर दिन भगवान भोलेनाथ का अलग-अलग स्वरूपों में आकर्षक श्रंगार किया जाता है जिसे देखने के लिए प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन अर्चन कर किया विसर्जन



हिंडोरिया। उपाध्याय वार्ड नंबर 14 में शिव भक्तों के द्वारा मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। रात्रि में महिला मंडल के द्वारा धार्मिक भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। शिव कथा के दौरान पंडित शिवकुमार उपाध्याय ने कहा कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग बनाने से सभी प्रकार के भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं एवं उनकी सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव की कथा सुनने से सकारात्मक ऊर्जा मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। शिव की आराधना करने वाले भक्त कभी दुखी नहीं रहता उनकी भक्ति में अपार शक्ति होती है। उन्होंने विसर्जन के संबंध में बताया कि विसर्जन का अर्थ शिवलिंग को वापस प्रकृति में मिला देना यह बताता है कि संसार की सभी वस्तुएं अंततः प्रकृति में ही विलीन हो जाती हैं। विसर्जन के बाद भक्ति नए सिरे से जीवन शुरू करने की प्रेरणा पाते हैं। आगे उन्होंने भगवान शिव के विभिन्न रूपों का वर्णन किया जिसमें जन्म मृत्यु संहार और महिमा के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक 108 मंत्रों के जाप के साथ किया गया । इसके बाद काटी घाटी के पास स्थित डबरा कुंड में भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया । शाम को महा भंडारा किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। उक्त अवसर पर इंदुर सिंह राजपूत (पोस्ट ऑफिस), अन्नू राजपूत पार्षद, सुरेंद्र सिंह, दीपक प्यासी, बंशी उपाध्याय,बृजेश राजपूत कौशल्या रानी, सुनीता रानी सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

# हटा विधायक ने टीकाकरण केन्द्र का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नवीन टीकाकरण केन्द्र का शुभारंभ हटा विधायक उमादेवी खटीक एवं नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया विकासखंड हटा में 0 से 5 साल तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने हेतु टीकाकरण सेवाओं को और अधिक सदृढ़, सुलभ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से हथना नाका सब्जी मण्डी स्थित संजीवनी क्लीनिक में नियमित रूप से टीकाकरण सेवा प्रदाय करने हेतु संजीवनी क्लीनिक को नियमित टीकाकरण केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। डॉं पटेल ने बताया संजीवनी क्लीनिक को यहां सप्ताह दौरान अवकाश दिवसों को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस पहल से अब हटा क्षेत्र के नागरिकों को केवल सोमवार को सिविल अस्पताल में ही नहीं बल्कि सप्ताह के अन्य दिनों में भी अपने बच्चों का टीकाकरण कराने की सुविधा प्राप्त होगी। इससे टीकाकरण कार्य में भी गति आयेगी। हर बच्चे को टीकाकृत किया जा सकेगा। इस अवसर पर सीएल नेमा, सौरभ नेमा, भोले सराफ, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉं विक्रांत चौहान, सीबीएमओ हटा डॉं उमाशंकर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन, स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

## रेबीज से बचाव के संबंध में एडवाईजरी जारी

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के अठया ने बताया कुछ ऐसी बीमारियां होती हैए जो कि शत प्रतिशत जानलेवा होती है। इन बीमारियों में एक है रैबीज जो कुत्ते के काटने से होती है। कुत्ते काटने के बाद रेबीज रोग का वायरस है बहुत जल्दी अंदर जाता है। और जाने के बाद इसका ईलाज जरा सा कठिन हो जाता है। बिना समय गंवायें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला चिकित्सालय पहुँचे ताकि समय से रेबीज वैक्सीनेशन किया जा सके। ध्यान रखें रेबीज के लक्षण उभरने के बाद बीमारी का कोई ईलाज नहीं है। डॉ. अठया ने इस संबंध में एडवाईजरी जारी करते हुए कहा है कि जैसे ही कुत्ता काटे, बिना देर किये उस स्थान पर बहते हुए पानी से, अच्छी तरह साबुन लगाकर 15 मिनट तक धोयें। ऐसा करने से लार में जो रेबीज रोग के कारक होते है, वो अन्दर नहीं जा पाते। पूरे के पूरे पानी के साथ बाहर की ओर बह जाते है। सीएमएचओ डॉ. अठया ने आमजन को सलाह देते हुए कहा है कि किन्ही भी परिस्थिति में घाव पर पट्टी नहीं बांधना है। इस बात का विशेष ध्यान रखें। यथाशीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचें जहां पर चिकित्सक की उपलब्धता है। उन्होंने बताया आरव्ही इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा हमारे पास उपलब्ध हैं। जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज के इंजेक्शन उपलब्ध है। सामान्यतः जनता यह मांग करती है कि यह इंजेक्शन उप स्वास्थ्य केन्द्र लेवल पर भी उपलब्ध रहे। ऐसा संभव इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि यह इंजेक्शन चिकित्सक की उपस्थिति में ही लगाये जाते है। उन्होंने बताया संज्ञान में आया हैं कि अभी तक 4262 कुत्ते काटने के मामले सामने आये है। जबकि गत वर्ष 8335 मामले सामने आये थे।

## हर-हर महादेव का जयकारा एक दिव्य अनुभव



बनवार। बनवार के समीपी ग्राम परस्वाहा में मिश्रा परिवार के यहां एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्रामहाभिषेक शिवार्चना के अनुष्ठान में पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया भगवान शिव के नाम और गुणों की महिमा वास्तव में अपरंपार है। उनके स्वरूप और शक्तियों का वर्णन करना वास्तव में असंभव है, जैसा कि शास्त्रों में वर्णित है। 'हर-हर महादेव' का जयकारा लगाना शिव भक्तों के लिए एक शक्तिशाली तरीका है भगवान शिव की स्तुति करने का और उनकी कृपा प्राप्त करने का। सावन के महीने में तो यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जब भक्त भगवान शिव की भक्ति में डूब जाते हैं। पंडित गर्ग जी के नामों का जप निश्चित रूप से शिव भक्तों के लिए प्रेरणादायक है। भगवान शिव की महिमा और उनके नाम की शक्ति को समझने के लिए हमें शास्त्रों और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

## महाविद्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस



दमोह। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष्य दीप प्रज्वलित करके की गई. कार्यक्रम में प्राचार्य विनय वर्मा द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में विभिन्न छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के उद्बोधन में डॉक्टर सरिता नेमा द्वारा देश की सुरक्षा में सैनिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गजेंद्र नामदेव, डॉ खुदैजा परवीन अंसारी, डॉ जगदीश अहिरवार, श्री सुरेंद्र सोनी, डॉ पुष्कर, श्री रूपक जैन इत्यादि अधिकारियों की उपस्थिति रही। कारगिल विजय दिवस पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई एवं छात्र-छात्राओं ने परिचर्चा में अपने विचार व्यक्त कर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया इस कार्यक्रम मैं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिओम सोनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में डॉ.देवेंद्र विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## माध्यमिक शाला भिलौनी में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार के अनुरूप,राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 में उल्लेखित विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास की अवधारणा को क्रियान्वित करने के लिए विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के संचालन की अनुशंसा की गई है विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भिलौनी में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी बखत सिंह के निर्देशन में राखी मेकिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं में सहभागिता की निर्णायक जनशिक्षक गंगाराम पटेल,अतिथि शिक्षक रामकुमार सेन विवेक पटेल द्वारा अवलोकन करने के उपरांत प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हांकित किया गया। प्रथम स्थान कक्षा आठवी की छात्रा रागनी द्वितीय स्थान सातवीं की छात्रा जानकी एवं तृतीय स्थान छात्र भूपेंद्र ने प्राप्त किया सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक मनीष दीक्षित, कैलाश पटेल,हरीश पटेल,नीलम खटोल, दुर्गा पटेल अतिथि शिक्षक गीता पटेल ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक माधव पटेल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को सह शैक्षिक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है एवं उनका पोर्टफोलियो संधारित करने और विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने में सहायता मिलती है।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा ने कराया पुनर्विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



दो वर्ष पूर्व जिसकी मांग अंगारों से दहक उठी थी आज उसकी मांग फिर से सितारों से झिलमिला उठी है। यह बात राजपूत क्षत्रिय महासभा के संरक्षक इंजी. अमर सिंह राजपूतने, सोमवती चौहान को शुभाशीष प्रान करते हुये कहीं। ज्ञात हो बड़ौदा ग्राम के निवासी एवं राजपूत समाज बटियागढ ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान को शुभाशीष प्रदान करते हुये बात रखी। वटियागढ़ तहसील के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान के परिवार के एक बच्चे की दो वर्ष पूर्व मृत्यु के बाद. सोमवती चौहान के उपर पहाड़ साट पड़ा था, एक तरफ स्वयं का वीरान सा लंबा वैधव्य जीवन, साथ में अपने दो बच्चे और विधवा बूढ़ी सांस की परवरिश करना, आदि पारिवारिक स्थिति से जूझ रहा था, राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा विगत 29 वर्षो से मृत्यु भोज प्रथा को खत्म करने का निर्णय लिया गया था उस पर आज दिनांक तक समाज कायम रहकर समाज के लोगों द्वारा इसे स्वीकार किया गया, इसी के तरह एक निर्णय राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा सामाजिक बैठकों, एवं अन्य मंचों से समाज के प्रबुद्धजनों ने पुनर्विवाह जैसे समाज सुधार की भी प्रेरणा दी जाती रही है, जो ग्राम बरोदा में पूर्ण हुई, इस प्रथा को अपनाने में उसी ग्राम के अविवाहित युवक पुष्पराज सिंह राजपूत ने आगे आकर सोमवती चौहान का हाथ थामने का निर्णय लिया, उन्होनें उस महिला के दो बच्चों के साथ साथ उसकी बूढी सांस को भी मां का दर्जा देकर उन सब की परवरिश की जवाबदारी ली, शंकर, हनुमान मंदिर बरोदा में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में राजपूत समाज के सैकड़ों लागों की उपस्थिति मतें दोनों परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में एक दूसरे को वरमाल पहनाकर जीवन साथी के रूप में स्वीकार किया, इस अवसर पर दोनों परिवार के रिश्तेदारों के अलावा बटियागढ़, हटा, पटेरा एवं दमोह के समाज के सैकड़ों लोगों द्वारा नवदम्पत्ति को शुभाशीष देने उपस्थित रहें, इस शुभ अवसर पर महासभा के संरक्षक देवी सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष राकेश सिंह हजारी, कार्यकारी अध्यक्ष धन सिंह राजपूत, वरि. उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, कार्यालय मंत्री राम सिंह राजपूत, पटेरा अध्यक्ष खिलान सिंह पवैया, गोविंद सिंह राजपूत, हटा अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह राजपूत, अरविंद सिंह राजपूत, विजय सिंह राजपूत, बटियागढ़ अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह राजपूत, युवा सभा के उपाध्यक्ष धीरज सिंह राजपूत एवं सभी ब्लाकों के पदाधिकारी की उपस्थिति रहीं।

## बाढ़ग्रस्त परिवारों की मदद

**दमोह।** बीते दिनों हुई लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था साथ ही व्यारमा नदी के उफान पर आने से एक दर्जन से अधिक गांव व्यारमा नदी के पानी की चपेट में आने से गांवों में पानी भर जाने से घर गृहस्थी सहित मवेशी राशन फसल तक बर्बाद हो गई थी बाढ़ग्रस्त परिवारों के लिए अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि समाजसेवी सहित अनेक संगठनों के लोगों के हाथ मदद के लिए उठे हैं दरअसल ब्लॉक के ग्राम ख़मतरा, झमरा,सारसवगली में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गो में बाढ़ पीढ़तिो के बीच पहुंचकर ब्लॉक इकाई तेंदूखेड़ा के तहसील अध्यक्ष- गनेश प्रसाद अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष मानक लाल अहिरवार , ब्लॉक इकाई अजाक्स द्वारा आज बाढ़ पीड़ित लोगों को चावल ,आटा , सोयाबीन बड़ी, कॉपी ,पेन ,तेल ,साबुन, नमक, मसाला एवं टॉर्च दी गई विशेष सहयोगी परम लाल अहिरवार डॉ राजेश अहिरवार, मस्तराम प्रभाकर, नंदराम अहिरवार सुप, काशीराम अहिरवार, प्रसादी अहिरवार, लाल सिंह अहिरवार, मनमोहन अहिरवार, गणेश प्रसाद राज, शिवदयाल अहिरवार , राजकुमार अहिरवार, परमलाल अहिरवार, लखन लाल अहिरवार , पंचम लाल अहिरवार, राम कुमार अहिरवार , देवेंद्र अहिरवार एवं समस्त अजाक्स कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति एवं विशेष सहयोग रहा1 एवम सामाजिक बंधुओ द्वारा पीढ़तिो को जरुरतमंद सामग्री दी । ग्रामीणों से अपील की गई की कैसी भी परिस्थिति हो पर बच्चों की शिक्षा को न रुकने दे भले ही एक टाइम खाना कम खाएं मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं।

## विजयनगर में हुई आचार्यश्री के चरणों की स्थापना



**दमोह।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से शहर के विजयनगर स्थित 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार, 03 अगस्त 2025 को युगप्रधान आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के पावन गुरुचरणों की नवनिर्मित वेदी पर भव्य स्थापना की गई। कार्यक्रम बाल ब्र. संजीव भैया (कटंगी) एवं बाल ब्र. अंकित भैया (धनेटा) के निर्देश में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे से मंदिर में श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा एवं विधान से हुई। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे श्री दिगम्बर जैन नन्हे मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए दोपहर 3 बजे मुख्य मंदिर में पहुंची जहां गुरुचरण कमल की वेदी पर स्थापना की गई।

## पथरिया में विधायक कार्यालय का उद्घाटन



**दमोह ।** पथरिया विधानसभा क्षेत्र मुख्यालय में चुनाव बीतने के करीब 19 महीनें बाद विधायक कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के पशुपालन व डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कार्यालय के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को अपने कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए एक और सुविधा मिलेगी। श्री पटेल ने कहा इस कार्यालय के माध्यम से लोगों को अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यों के लिए सीधे संपर्क करने का अवसर मिलेगा, जिससे लोगों को अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, वे अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यों के लिए सीधे संपर्क कर सकेंगे और अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। इस अवसर पर पार्षद योगेश चौधरी, रमेश कुशवाहा, झब्बू सींग, देवेंद्र बाकडा, नन्दकिशोर चौरसिया, विशाल पटेल, कुलदीप पटेल, मनीषा दुबे, अरविंद पटेल, रूपेश सोनी , रूपेश पटेल समेत कई उपस्थित थे। बता दें अभी तक जिला मुख्यालय पर जटाशंकर में आम जनता को अपनी समस्या लेकर जाना पड़ता था।

## स्वदेशी जागरण मंच ने दी सामग्री



**दमोह।** सावन का अंतिम सोमवार दमोह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्य का अंतिम दिवस इसमें स्वदेशी जागरण मंच के समस्त टोली सदस्यों ने मिलकर राहत कार्य में सहयोग किया। जिसमें खाद्यान सामग्री ,सेनेट्ररी पेड ,चादर ,मच्छरदानी जरूरत की अन्य वस्तुओं के साथ दवाईंया भी प्रदान की। इस पुण्य कार्य में सुशील नामदेव जन अभियान परिषद जिला समन्वयक, कृष्णा पटेल छात्र क्रांति दल एन.जी.ओ संचालक, डॉ .प्रिया श्रीवास्तव ,मनोरमा रतले, कंचन असाटी, एकता विश्वकर्मा ,अल्का शर्मा ,वंदना महोत्रा ,दीप्ति खरे एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### हंगामा कर बस स्टैंड चौराहा पर किया चकाजाम, बस यात्रियों को हुई परेशानी, अधिकारियों ने जल्द खाद की पूर्ति करने का दिया आश्वासन

# यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों ने 5 घंटे किया आंदोलन

### किसानो ने शासन प्रशासन एवं नेताओ के खिलाफ की नारे बाजे, 5 घंटे जबलपुर एवं दमोह मार्ग पूणतः बंद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा









यूरियां खाद नहीं मिलने के कारण सैकड़ो किसानो ने बस स्टेण्ड के चैराहे पर दमोह जबलपुर मार्ग पर जाम लगा दिया लगभग 5 घंटे सडक जाम रही जिस कारण दर्जनो बसो सहित दर्जनो वाहन खड़े रहे है। बस के यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जो यात्री इलाज कराने जबलपुर जा रहे थे उनके सामने बहुत बडी समस्या खड़ी हो गई थी। बहुत से लोगो को इलाए कराए बिना ही वापिस लोटना पड़ा। लेकिन गनीमत रही है कि जाम लगाने बाले किसानो ने एम्बोलेंस वाहनो को निकलने दिया गया। लेकिन जाम के कारण सडक के दोनो तरफ वाहनो की लम्बे कतार लगी रही है। जाम लगाने का स्थान चैगडडा था जिस कारण चारो तरफ किसानो ने जाम लगा दिया था। 5 घंटे जबलपुर दमोह मार्ग बंद रहा। किसानो ने आरोप लगाया कि समय पर खाद नहीं मिलने के कारण हमारी फसले वर्वाद हो रही है। साथ ही सभी किसान सब काम छोडकर यहां पर खाद के लिए लाईनो में लगे है। इसके बाद भी हम लोगो को खाद नहीं मिल पा रहा है।

ज्ञात हो कि ब्लाक के किसानो को कई दिनो से खादय नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण किसान सरकारी गोदाम के चक्कर काट रहे है। सोमवार के दिन खादय मिलने की उम्मीद से दर्जनो किसान सुबह 3 बजे से गोदाम के बाहर बैठ गए थे। लगभग सुबह साढे 9 बजे से किसानो को एक एक वोरी का कूपन दिया जाने लगा था। लगभग 30 किसानो को खादय भी वितरण किया गया लेकिन किसानो की भीड बढती गई और किसानो ने पुलिस के वेरिकेट भी तोड़ दिए गए और इस दौरान मोजूद तहसीलदार विवेक व्यास ने खाद का वितरण बंद करा दिया गया। जिस कारण सभी किसानो में रोष व्याप्त हो गया है। लगभग सुबह साढे 10 बजे बस स्टेण्ड आकर चैगडडा पर जाम लगा दिया गया। प्रशासन के अधिकारियों के बार बार समझाने पर भी किसानो ने जाम नहीं खोला। लगभग डेढ बजे एसडीएम सौरभ गंधर्व, जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत, सुधीर सिंह भदोरियां एडिसनल एसपी, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर ने पहुंचकर किसानो को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन किसान नहीं मान रहे थें हालाकि किसानो का जाम देखकर तारादेही, तेजगढ, नोहटा, जवेरा का पुलिस बल बज्र वाहन के साथ बुला लिया गया था। किसानो ने जाम के दौरान शासन प्रशासन के अलावा मंत्री के खिलाफ नारे बाजी करते रहे। अनेक किसानो की अधिकारियों से बहस के अलावा धक्का मुक्की भी हुई। साथ ही एडीएम मीना मसराम भी पहुंच गई थी। वाहनो की चाबी भी किसानो के द्वारा निकाल ली गई थी। कुछ किसानो ने मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया गया। हालाकि लगभग साढे 3 बजे जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव ने अधिकारियों से चर्चा कर आंदौलन कर रहे किसानो से बात कि अभी वर्तमान में सभी किसानो को कूपन दिए जाएगें और तीन दिन वाद जिन किसानो के पास कूपन होगे उन सभी किसानो को खाद दिया जाएगा। इसके बाद किसानो ने अपना जाम समाप्त कर दिया गया। साथ ही गोदाम पहुचकर किसानो ने पुलिस के मौजूदगी में खाद के कूपन प्राप्त किए। किसानो ने प्रशासन चेतावनी दी है कि अगर वायदे के अनुसार खाद प्राप्त नहीं हुआ तो फिर से उग्र आंदौलन करेगे। जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कहां कि वर्तमान गोदाम में लगभग 700 वोरी खाद है जो पर्याप्त मात्रा में नही है। क्योकि खादय लेने बाले किसान बहुत अधिक है जिस कारण से खादय का वितरण बंद है। लेकिन अभी सभी किसानो को खाद वितरण के कूपन दिए जा रहे है क्योकि खाद की रैक लग रही है। जो 6 अगस्त तक यहां पर खादय आ जाएगा और 7 अगस्त की सुवह से सभी किसानो को एक एकड पर एक वोरी खाद दिया जाएगां।

### इधर जबेरा में भी मंडी के सामने लगाया जाम



**जबेरा।** खाद के लिए कई दिनों से परेशान क्षेत्र के किसानों का गुस्सा आखिरकार एक बार फिर सोमवार को फूट पड़ा जब सुबह से लाईन में लगने के बाद किसानों से कह दिया गया की खाद नहीं है। जिससे नाराज किसानों ने दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के कृषि उपज मंडी जबेरा के सामने जाम लगा दिया जिससे वाहनों को आवागमन अवरुद्ध हो गया। मामले की जानकारी जबेरा पुलिस को लगते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा। वहीं किसानों ने बताया कि हम सभी जबेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आये है और खाद के लिए कई दिनों से परेशान हैं लेकिन हमें खाद नहीं मिल रहा है। किसानों ने बताया कि कई दिनों से चक्कर लगाने के बाद हमें सोमवार को बुलाया था लेने के लिए किंतु आज फिर हमसे कहा गया की खाद नहीं है। जिससे परेशान किसानों ने एकत्रित होकर जाम लगा दिया। मामले की जानकारी तहसीलदार सोनम पांडेय को लगते ही तुरंत उन्होंने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाईश देते हुए कहा कि तीन से चार दिन में खाद की उपलब्धता होते ही सभी किसानों को खाद दिया जाएगा तब तक आप लोग परेशान ना हो अभी वर्तमान में एन पीके उपलब्ध है जिसे आप लोग ले सकते हैं। इस दौरान उन्होंने गोदाम का भी निरीक्षण किया और गोदाम प्रभारी को खाद उपलब्ध होते ही किसानों को वितरित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कि समझाईश पर किसान शांत हुए और जाम को खोला गया। वहीं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि खाद के लिए किसान परेशान हो रहे हैं और वही खाद व्यापारी दूने दामों में बेंच रहे हैं। उन्होंने शासन से मांग करते हुए कहा है कि शीघ्र ही खाद उपलब्ध कराया जाए जिससे क्षेत्र के किसान परेशान ना हो।

## दो महीने का राशन वितरित, एक महीने का राशन गायब

**सिंग्रामपुर।** मध्य प्रदेश में एकमुश्त तीन महीने के राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत कुसमी मानगढ़ में सम्मिलित गांव कुम्मी मानगढ़, घाना मानगढ़, एवं कारियाखेड़ा में जय सेवा स्वसहायता समूह द्वारा राशन वितरण किया जाता है। शासन के निर्देशानुसार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए एक मुश्त 3 माह का राशन वितरण किया जाना था, लेकिन राशन कार्ड धारी हितग्राही को सिर्फ दो माह का राशन वितरण किया गया है और एक माह का राशन गायब है। सरपंच सीमा सिंह ने कलेक्टर से शिकायत की है और आरोप लगाया है कि समूह संचालक द्वारा हमेशा से राशन वितरण में अनियमितताएं की जाती रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते और गरीबों के हक के राशन की कालाबाजारी की जा रही है। ग्रामीणों ने समूह संचालक पर कार्यवाही करते हुए शेष एक माह के राशन दिलवाने की मांग की है। जब ग्रामीणों ने समूह संचालक से फोन पर संपर्क किया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। राजेश पटेल जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी का कहना है मैं जबेरा फूड इंस्पेक्टर से बोलकर जांच करवाता हूं यदि एक माह का राशन वितरण नहीं किया गया है जहां से रिपोर्ट आने पर राशन वितरक समूह संचालक पर कार्रवाई करते हैं।

## सावन माह का आखिरी सोमवार: श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव को जल अर्पण करने उमड़ी भक्तों की भारी भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान शिव की पूजा के लिए सावन सोमवार विशेष फलदायी माना गया है। भगवान शिव की भक्ति को समर्पित इस दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान जागेश्वर नाथ महादेव को जल अर्पण किया और दर्शन पूजन किया। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय सावन सोमवार की अपेक्षा चौथे और अंतिम सावन सोमवार को दर्शनार्थियों की संख्या थोड़ी कम रही। इसके बावजूद देर शाम तक दर्शनार्थियों की संख्या 1 लाख के करीब पहुंचने की संभावना है। 11 दिवसीय विश्वकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का समापन श्रद्धा और वैदिक परंपराओं के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान यजमानों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और भगवान शिव की भक्ति के साथ-साथ प्राकृतिक संरक्षण की दृष्टि से पौधारोपण भी किया गया। बांदकपुर स्टेशन चौराहे पर हेमेंद्र असाटी राजन और उनकी टीम द्वारा मडियादो, हटा, पटेरा, हिंडोरिया क्षेत्र से आए कांवड़ियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया और भव्य प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए और भक्त मौजूद रहे।

## जिले में शासकीय अस्पतालों में शव वाहन सेवा प्रारंभ

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. अठया ने बताया लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एनएचएम द्वारा प्रदेश में नवीन शव वाहन संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया हैं। इसी क्रम में दमोह जिले को दो शव वाहन प्राप्त हो चुके हैं। शव वाहन सेवा का उद्देश्य शासकीय अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मृत्यु के उपरांत मृतक के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक एवं निःशुल्क उसके निवास स्थल अथवा श्मशान घाट तक पहुँचाना है। यह सेवा केवल राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय चिकित्सा संस्थाओं में उपचार के दौरान हुई मृत्यु प्रकरणों में लागू होगी। निजी अस्पतालए निवास अथवा अन्य स्थानों पर हुई मृत्यु पर यह सेवा मान्य नहीं होगी। शव वाहन केवल जिले की सीमा के अंदर ही संचालित किया जायेगा। आवश्यकता होने पर विभाग द्वारा प्रदत्त शव वाहन के अनुपलब्ध रहने पर जिला स्तर पर निविदा दर पर अन्य वाहन से सेवा प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए संबंधित जिले को पृथक से राशि आवंटित की जायेगी। प्रदेश के 19 चिकित्सा महाविद्यालयों वाले जिलों में चार शव वाहन तथा शेष 33 चिकित्सालयों हेतु दो शव वाहन के मान से कुल 148 शव वाहन का संचालन किया जायेगा। शव वाहन संचालन हेतु राज्य स्तरीय निविदा प्रक्रिया अंतर्गत चयनित मेसर्स जय अम्बे सर्विसेज (1) प्रायवेट लिमिटेड को अनुबंधित किया गया हैं।

# हिन्दू राष्ट्र बनाने भक्तों ने बांदकपुर धाम तक निकाली विशाल कावड़ यात्रा



### हर हर महादेव के जयकारों से गूंजी उपकाशी, कावड़ लेकर हजारों की संख्या में भक्त हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सावन मास के पवित्र अवसर पर उपकाशी हटा नगरी भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर हो उठी जब बोलबम के जयघोष के साथ हजारों कांवड़िए पवित्र जल लेकर बांदकपुर स्थित ऐतिहासिक जागेश्वरनाथ मंदिर की ओर कूच किए। नगर की जीवनदायिनी सुनार मैया से जल लेकर भक्तों ने नंगे पांव लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय की और भगवान जागेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दरअसल नगर की यह 11वीं कांवड़ यात्रा जय हिन्दू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली के तत्वाधान में नगर के कमला नेहरू वार्ड स्थित शंकर जी का चबूतरा विंध्यवासिनी मंदिर से हिन्दू राष्ट्र बनाने को लेकर प्रारंभ की गई जो भूतेश्वर मंदिर पहुंची जहां से सुनार मैया का जल भरकर कावड़ यात्रा नगर के राय चौराहा नायक तिगडडा से होते हुए खचना नाका से दमोह नाका होते हुए रुसल्ली सोजना कुडई के रास्ते से हिंडोरिया से बांदकपुर धाम पहुंची। इस कावड़ यात्रा के साथ नगर के गजबाबा सरकार सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सुनार घुराघाट से जल लेकर गौरीशंकर भगवान के दर्शन कर कांवड़ यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ सम्मिलित होकर बांदकपुर के लिए रवाना हुई।यात्रा में शामिल शिवभक्तों का उत्साह देखने योग्य था।

### बोलबम के जयघोष से गूंजी उपकाशी

सड़कों पर बम भोले के जयघोष, घंटे-घड़ियालों की ध्वनि और शिव भजनों की मधुर गूंज ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस आयोजन में भगवान शंकर की भव्य और आकर्षक झांकियां, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनी रहीं। शिवभक्ति के रंग में रंगे भक्त तरह-तरह की कांवर लेकर चलते दिखाई दिये। कोई भव्य पालकी के साथ है, तो कोई भगवान शिव की सजीव झांकी लेकर। भगवान शिव और भूत-प्रेत की झांकी सजाई जिसे देखकर राहगीर ठिठक गए जो श्रद्धा और कला का अनोखा संगम है। डीजे पर गूंजते भक्ति गीतों पर कांवरिए झूमते हुए आगे बढ़ रहे। भगवान शिव की महिमा में डूबे भक्तों को न तो उमस की परवाह है, न गर्मी की थकान । इस यात्रा में भक्ति ही ऊर्जा बन गई है।यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण बन गई। प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए युवाओं से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता दी।

### नगर व क्षेत्र में जगह-जगह किया भव्य स्वागत

इस दौरान नगर में जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया इसके अलावा बांदकपुर धाम पहुंचने वाले रास्ते में पड़ने वाले गांवो में भी श्रद्धालुओं द्वारा कांवरियों पर फूलों की वर्षा कर फलाहार बांटा गया। दोपहर उपरांत कावड़ यात्रा लेकर पहुंचे उपकाशी के भक्तो ने जागेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया और दर्शन उपरांत नगर व क्षेत्र में सुख समृद्धि खुशहाली की कामना का आशीर्वाद भोलेनाथ से मांगा। कांवड़ यात्रा का यह आयोजन नगर में भक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बनकर उभरा।

## तुलसी जयंती व प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित

**दमोह।** म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई दमोह के तत्वावधान में रामकुमार विद्यालय में तुलसी जयंती व प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला सम्पन्न हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष डा. आर.एन.चिले, मुख्य अतिथि-वक्ता प्रोफे. डा. राणा कुंजर सिंह (शास.कला वाणिज्य महाविद्यालय सागर),तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सत्यमोहन वर्मा रहे। पुष्पा चिले (अध्यक्ष लेखिका संघ)द्वारा सरस्वती वंदना व मधुलता पाराशर द्वारा तुलसी पद गायन किया गया। तद्उपरांत कथा साहित्य पुरोधा मुंशी प्रेमचंद के लेखन पर व्याख्यान करते हुए सत्यमोहन वर्मा ने कहा कि जब प्रेमचंद ने हिंदी कहानियां लिखना शुरू किया तब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, जिसमें कई विचार धारायें थीं।उन्होंने उन दिनों समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक व्याप्त कुरीतियों को उजागर कर, निजात दिलाने की कोशिश की।परंपरा के विकृत रूप को समाज से बाहर निकाल कर मनुष्य के सुखी जीवन को साकार रूप लेखन में दिया। उनके द्वारा लगभग 900 कहानियां 13 उपन्यास व नाटक इसी भावभूमि की विपुलता को लिए हुए लिखे हैं, जो पठनीय हैं।देश के नामचीन समीक्षक आचार्य नंदद्लारे बाजपेयी का कथन है कि प्रेमचंद का "गोदान" गद्य साहित्य में मील का पत्थर है।संत कवि तुलसी के समग्र काव्यत्व के अंतर्गत डा. राणा कुंजर सिंह ने कहा कि तुलसी का काव्यांश लोक जीवन में सदा प्रासंगिक रहता है।इस तथ्य के मर्म को समझना होगा।उनके समग्र काव्य पर विचार करने पर हम पाते हैं कि काव्य में राम को जाने फिर तुलसी रचित काव्य को जाने। वे स्वयं कहते हैं"कीरति भनिति भूति भलि सोई,सुरसरि सम सब कर हित होई"पूरे काव्य में उनका मंतव्य है-राम अनंत, अनंत गुण अमित काव्य विस्तार- उनके राम प्रत्येक जीव में हैं।इसलिए परिणति का सहज दर्शन "परहित सरिस धर्म नहीं भाई"दिग्दर्शित होता है। उनके काव्य मर्म के सार का यह भी विंदु है कि हम अपने जीवन में दुहरे चरित्र से मुक्ति पा लें तभी जीवन की सार्थकता सिद्ध होगी।उनका सम्पूर्ण काव्य लोक मंगल तथा सामाजिक समन्वय का संवाहक है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर, डा.पी.एल. शर्मा, रामकुमार तिवारी, अमर सिंह राजपूत, पी,एस.परिहार, बी.एम.दुबे, विमला तिवारी, राजलक्ष्मी पाराशर, गोविंद मिश्र, नंदकिशोर पाठक, सदन नेमा, भूपेंद्र जैन,परसोतम रजक,रिषी उपाध्याय, राजेश शर्मा प्रदीप यादव की उपस्थिति रही। इकाई अध्यक्ष रमेश तिवारी द्वारा संचालन तथा सचिव मानव बजाज द्वारा सादर आभार ज्ञापित किया गया।




## किला के पीछे नाले के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हटा।** नगर के बस स्टैंड के पास रंगमहल किला के पीछे नाले के पास एक युवक का शव पेड़ से लटका दिखाई देने से सनसनी के हालात बन गए। सोमवार सुबह 11,30 बजे मामले की सूचना हटा पुलिस को दी गई जहां थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही की। मृतक की शिनाख्त रिकेश उर्फ राकेश पिता बालचन्द अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी काईखेड़ा थाना मडियादो के रूप में की गई। कार्यवाही उपरांत शव पीएम हेतु सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। उक्त मृतक का शव कुछ दिन पुराना लग रहा है, गले में फंदा लगा होने से आत्महत्या की आशंका जताई गई है, मृतक अपनी बहन बहनोई के घर आया हुआ था जो पिछले कुछ दिनों से लापता था मृतक के बहनोई ने हटा थाना पुलिस में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज भी कराई थी।

## अवैध 150 बोरी उर्वरक जप्त, गोदाम सील



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल में तहसीलदार दमोह रॉबिन जैन, सहायक संचालक कृषि एस. एल.कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के. जैन द्वारा ग्राम टौरी विकासखंड दमोह में गोपनीय शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाही की गई। किराना दुकान संचालक देवेंद्र उर्फ बबलू असाटी द्वारा दुकान के बगल से भारतीय स्टेट बैंक सेवा केंद्र के शटर वाले कमरे में अवैध रूप से यूरिया खाद विक्रय किया जा रहा था, मौके पर उपस्थित संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही की गई। देवेंद्र उर्फ बबलू असाटी के घर एवं टावर के पास की गोदाम में 125 बोरी यूरिया, 15 बोरी डीएपी एवं 10 बोरी 20:20:0:13 उर्वरक का अवैध रूप से भंडारण पाया गया, जिसे जप्त कर एवं सील बंद कर कार्यवाही की गई की गई। उप संचालक कृषि जी.एल. अहिरवार ने बताया आगामी कार्यवाही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत की जाएगी।


**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति सुमन जैन पति श्री सुरेन्द्र जैन वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 86 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 86 वार्ड क्रमांक 03 श्री चंदु राघवेंद्र पिता श्री पल्टू अहिरवाल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 04/08/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**